अग्निकांड | 3 फायर ब्रिगेड वाहन से दो घंटे में पाया गया आग पर काबू

# कपड़ों के गोदामों में लगी भीषण आग

**लोगों ने भागकर बचाई अपनी जान**

**अधारताल, गुजराती मोहल्ला, विनोभा नगर में भीषण अग्निकांड**





**नवभारत,जबलपुर।** अधारताल गुजराती मोहल्ला विनोभा नगर में मंगलवार सुबह करीब सवा पांच बजे रहस्यमय परिस्थितियों में कपड़े के गोदाम वाले टपरे में लगी भीषण आग ने कोहराम मचा दिया। देखते ही देखते एक टपरे में लगी आग आसपास मौजूद करीब 16 टपरों तक जा पहुंची। इस दौरान टपरों में रखे कपड़े, वॉशिंग मशीन, ठेला, रिक्शा व एक बाइक जलकर खाक हो गई है। अग्नि दुर्घटना के दौरान गुजराती मोहल्ला में झोपड़ी , टपरे बनाकर रहे रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई और फायर ब्रिगेड के अमले को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों द्वारा दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया । लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और आग ने सब कुछ जलाकर खाक कर दिया था। बस स्थानीय लोगों का ये ही कहना था कि कम से कम इस अग्निदुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई ये भगवान की बहुत बड़ी कृपा थी।

इस संबंध में स्थानीय कपड़े के व्यापारी सुनील गुजराती ने नवभारत को बताया कि आग टपरों में कैसे लगी ये समझ से परे हैं। स्थानीय व्यापारियों ने शॉट सर्किट की वजह को बिल्कुल नकार दिया है। वहीं अग्निकांड की सूचना मिलने के बाद मौके पर विधायक अशोक रोहाणी पहुंचे और उन्होनें पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया है कि वे मुआवजे के रूप में उन लोगों की मदद करेंगे। सुनील के अनुसार करीब 16 परिवारों को इस दुर्घटना से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार अधारताल गुजराती मोहल्ला विनोभा नगर में करीब 16 लोगों के टपरे थे जिसमें कपड़े भरे हुए थे और इनके बाजू में भी लोग घर बनाकर रहे रहे थे। कुछ तो इन्हीं टपरों के भीतर रहकर गुजर बसर कर रहे थे।

**मुआवजे की मांग**

अधारताल गुजराती मोहल्ला विनोभा नगर के पीड़ित व्यापारियों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है उनका कहना है कि अग्निदुर्घटना के बाद उनके पहनने तक के कपड़े नहीं बचे हैं और न ही रहने का ठिकाना बचा है, वे अब रोड में आ चुके हैं। विदित हो कि इस इलाके के अधिकांश परिवार पुराने कपड़ों के व्यवसाय से जुड़े हैं।

# हाईकोर्ट भ्रूण मामले में चार सस्पेंड

**सुरक्षा में बड़ी चूक उजागर, की गई विभागीय कार्रवाई**



**नवभारत, जबलपुर। हाईकोर्ट में सोमवार को याचिकाकर्ता हाईकोर्ट में बच्चे के भ्रूण को लेकर पहुंच गया था । इस मामले में सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही उजागर हुई इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से चार को सस्पेंड कर दिया है।**

विदित हो कि रीवा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार दया शंकर पांडे की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जिसमे देष की राष्ट्रपति को अनावेदक बनाया गया था। हाईकोर्ट के आदेश पर याचिका से राष्ट्रपति का विलोपित कर दिया गया था। याचिका में बताया था कि वह 2018 से 2025 तक जबलपुर के एक कार शोरूम में अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत था। इस दौरान उसे शोरूम प्रबंधन द्वारा करीब 200 करोड़ के कथित फर्जीवाड़े की जानकारी मिली थी। उसने वर्ष 2024 में इसकी शिकायत थी जिसके बाद परिवार पर लगातार हमले होने लगे थे। आरोप है कि तीन बार कार से टक्कर मारकर उसकी जान लेने की कोशिश की गई है। 1 मार्च 2026 को जब वह रीवा में गर्भवती पत्नी और डेढ़ साल की बेटी के साथ बाइक से जा रहा था, तब एक कार ने टक्कर मार दी थी इस हादसे में उसकी पत्नी का गर्भपात हो गया। मामले की याचिका पर सोमवार को सुनवाई निर्धारित थी याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पत्नी को साथ लेकर पहुंचा वे पॉलीथिन में बच्चे का भ्रूण सबूत के तौर पर लेकर पहुंच गया था। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। रीवा पुलिस के द्वारा उसकी शिकायत पर कार्यवाही नही करने का भी आरोप गया था । याचिकाकर्ता ने राष्ट्रपति को इच्छा मृत्यु का आवेदन भी भेजा है।

**इन पर गिरी गाज**

हाई कोर्ट जैसे अति-संवेदनशील और उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुआ यह घटनाक्रम सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए। मेटल डिटेक्टर और सघन चेकिंग के बावजूद याचिकाकर्ता भ्रूण के साथ प्रवेश कर गया था। सुरक्षा में बड़ी चूक उजागर होने के बाद एसपी संपत उपाध्याय ने एएसआई मुन्ना अहिरवार, हेड कांस्टेबल ब्रह्मदत्त खत्री, हेड कांस्टेबल अरुण उपाध्याय और कांस्टेबल प्रतीक सोनकर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया।

## जमानत मिलने के बाद कोर्ट रीडर की गलती के कारण रहना पडा 12 दिन से अधिक समय जेल में

**जबलपुर।** हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद ट्रायल कोर्ट के रीडर की गलती के कारण आरोपी को 12 दिनों से अधिक जेल में रहना पडा। रीडर ने जमानत के दस्तावेज स्पेशल जज के समक्ष प्रस्तुत नहीं करते हुए हाईकोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए उसमें सुधार के लिए वापस कर दिये। हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने आदेश में कहा है कि रीडर की गलत सोच के कारण आवेदक को 12 दिनों से अधिक समय तक गलत तरीके से कस्टडी में रखा गया। रीडर द्वारा अपनाया गया तरीका सही नहीं था। गौरतलब है कि जबलपुर के हनुमान ताल पुलिस ने आरोपी जीशान खान के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी उक्त अपराध में विगत 10 जुलाई 2025 से न्यायिक अभिरक्षा में है। हाईकोर्ट से आरोपी को उक्त अपराधिक प्रकरण में विगत 18 फरवरी 2026 को जमानत मिल गयी थी। आरोपी की तरफ से 20 फरवरी को जमानत के दस्तावेज ट्रायल कोर्ट के स्पेशल जज की अदालत में प्रस्तुत किये गये थे। रीडर ने हाईकोर्ट के आदेश में एक धारा का उल्लेख नही किये जाने की त्रुटि निकालते हुए उसे स्पेशल जज के समक्ष प्रस्तुत नहीं करते हुए सुधार कार्य करवाने के लिए वापस कर दिये। जमानत आदेश में सुधार के लिए हाईकोर्ट में दायर की गयी थी। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा है कि जमानत दस्तावेज संबंधित विशेष न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत नहीं करते हुए रीडर ने हाईकोर्ट के आदेश पर कमी निकालते हुए उसे वापस कर दिया।

# छात्र का अपहरण, हत्या के इरादे से मारे चाकू

**फिल्मी स्टाइल में स्कूल के बाहर हुई वारदात**



**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र में फिल्मी स्टाइल में छात्र का चाकू की नोक पर अपहरण कर लिया गया। इसके बाद बीच बचाव करने पहुंचे उसके साथी छात्र पर भी बदमाशों ने चाकुओं से जानलेवा हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। इसके बाद आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं हमले में गंभीर रूप से घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने अपहरण, हत्या के प्रयास, चाकूबाजी समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर दी है । साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपित पुलिस गिरफ्त में होगे।

### स्कूटी पर बैठाया, पीठ पर चाकू अड़ा ले गए

जानकारी के अनुसार कृष्णा विश्वकर्मा निवासी शुक्ला होटल के पास रहने वाला दसवीं कक्षा का छात्र है। दोपहर करीब 1:30 बजे अपने दोस्त मयूर चौधरी के साथ प्रैक्टिकल वायवा देकर स्कूल से बाहर निकला था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर अनुकल्प और अनंत ने उसे घेर लिया। विरोध करने पर आरोपी अपने साथी हनी सिंह ठाकुर के साथ वापस आए और छात्र को जबरन स्कूटी पर बैठाकर, पीठ पर चाकू अड़ाकर हनुमान टोरिया ले गए।

### दोस्त बचाने पहुंचे, मयूर की हत्या का प्रयास

जब मयूर चौधरी अपने दोस्त को बचाने आगे आया, तो आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। हनी सिंह, जीत और अनंत ने मिलकर मयूर के पेट, गले, पैर और पसलियों में एक के बाद एक कई वार किए। खून से लथपथ मयूर वहीं गिर पड़ा। राहगीरों की भीड़ जुटते देख आरोपी अपनी गाड़ियों से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**मैदान में घेरकर किया हमला**

पीड़ित को बचाने के लिए उसका दोस्त मयूर चौधरी और दीपेश कनोजिया भी पीछे भागे। हनुमान टोरिया ग्राउंड में पहले से मौजूद जीत अहिरवार ने चाकू निकाल लिया। जब छात्र ने भागने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक कर लात-घूसों से पीटा और जीत ने उसकी जांघ पर चाकू से वार किया।

**जिंदगी-मौत के बीच जूझ रहा**

गंभीर रूप से घायल मयूर को विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे जबलपुर अस्पताल रेफर किया गया है, जहाँ वह आईसीयू में भर्ती है जहां वे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## चर्च में हंगामा करने वाले निष्कासित प्रिंसिपल पर एफआईआर




**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना क्षेत्र स्थित क्राईस्ट कथिड्रल चर्च में महिला दिवस के दौरान निष्कासित प्रिंसिपल ने प्रार्थना सभा के बीच में घुसकर जमकर हंगामा किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक ब्रसली तंगादुरई ने दर्ज कराई कि रविवार को चर्च में आराधना चल रही थी, जिसमें लगभग 150 से 200 श्रद्धालु मौजूद थे। इसी दौरान क्राईस्ट चर्च बॉयज स्कूल का निष्कासित प्रिंसिपल लैडिली मैथ्यु चर्च के अंदर दाखिल हुआ। जब तंगादुरई मंच से संबोधन दे रहे थे, तब मैथ्यु ने अचानक उनसे माइक छीन लिया था आराधना में व्यवधान डालने लगा था। जब उपस्थित लोगों और आयोजनकर्ताओं ने उसे रोकने की कोशिश की, तो आरोपी लैडिली मैथ्यु ने ब्रसली तंगादुरई और फिलिप पमर के साथ झूमाझपटी शुरू कर दी थी। चर्च की गरिमा को ताक पर रखकर महिलाओं और पुरुषों के सामने अभद्रता की थी। जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी और वहां से आरोपी भाग निकला था । पुलिस ने मामले में नवीन कक, नितिन बाघ, फिलिप पमर, एल.एम. सांठे, जैनी परिहार, अल्फ्रेड पेट्रिक और मेशक तंगादुरई अन्य के बयान दर्ज करने के बाद अब मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा ने कुचला, बुजुर्ग की मौत

**लालमाटी में हुआ दर्दनाक हादसा**

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत लालमाटी में अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में घायल 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लालमाटी सिद्धबाबा रोड निवासी प्रियांशी सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उसके नाना रामपाल सिंह (71) खमरिया फैक्ट्री से रिटायर्ड थे, अपने साथियों मदन शर्मा और रामनरेश सिंह के साथ सतपुला की ओर टहलने गए थे। जब वे टहलकर वापस लौट रहे थे, तभी सतपुला के पास एक सफेद रंग के ई-रिक्शा के चालक ने उन्हें तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामपाल सिंह सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका की नातिन की सूचना पर मामला दर्ज कर लिया है और फरार ई रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**इधर अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत**

पनागर थाना अंतर्गत नुनियाकला में मंगलवार दोपहर अज्ञात वाहन ने अधड़े को टक्कर मार दी । हादसे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रवि सिंह गौंड़ 49 वर्ष निवासी नुनियाकला ने सूचना दी कि दोपहर लगभग 1-30 बजे उसका मंझला भाई हरिसिंह ढाकुर 55 वर्ष नुनियाकला में रिंग रोड़ की तरफशौच करने गया था जिसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में घायल होन पर भाई को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पनागर लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने चैक उसके भाई रवि सिंह ढाकुर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# युवक ने की आत्महत्या, प्रताड़ना का आरोप


**कंपनी ऑफिस के बाहर परिजनों शव लेकर पहुंचे, प्रदर्शन**



**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत बेलखाडू निवासी एक युवक ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजन आक्रोशित हो गए और मंगलवार को मृतक का शव लेकर तिलवारा स्थित सगड़ा पहुंच गए जहां मृतक काम करता था। परिजनों का आरोप रहा कि कंपनी में कार्यरत कर्मचारी प्रताड़ित करते थे जिसके चलते उसने आत्महत्या की है। सूचना मिलते ही तिलवारा पुलिस पहुंच गई और आक्रोशित परिजनों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन माने और शव को लेकर रवाना हो गए जिसके बाद बेलखाडू में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक बेलखाडू निवासी शिव प्रजापति 30 वर्ष का तिलवारा स्थित सगड़ा में एक कंपनी में काम करता था। 3 मार्च को बल्देवबाग में शिवा की बाइक से गत दिवस एक्सीडेंट हो गया था। जिसकी कायमी कोतवाली थाने में दर्ज है। इसके बाद से वे तनाव में था और देर रात उसने जहर का सेवन कर लिया जिससे उसकी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मंगलवार को आक्रोशित परिजन शव को लेकर कंपनी पहुंचे और कंपनी के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कंपनी मेंकार्यरत कर्मचारी उसे प्रताड़ित कर परेशान करते थे। शिवा के छोटे भाई अरुण ने आरोप लगाया कि एक्सिडेंट के बाद से उसके भाई को परेशान किया जा रहा था। कंपनी के सुपरवाइजर ने कहा कि 6 साल की सजा होगी आपकी जमानत नहीं होगी। जिसके बाद से भाई डर गया था। डर में ही उसने आत्महत्या की है। परिजनों ने कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों का समझाइश देते हुए जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन माने और शव को लेकर बेलखाडू रवाना हो गए थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी ।

# ट्रकों की टक्कर से टूट रहे डिवाइडर सड़कों पर बिखरे



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से सिवनी हाईवे के बीच में स्थित चूल्हा गोलाई घाट पर फोरलेन सड़क पर बने डिवाइडर आए दिन ट्रकों की टक्कर से टूट रहे हैं। जिसके चलते इनकी खराब गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विगत कुछ समय पहले बनकर तैयार हुई इस फोरलेन सड़क के डिवाइडर कई जगह से बिखरकर यहाँ-वहाँ गिर रहे हैं। इस मार्ग में इनको यहाँ-वहाँ कई जगह बिखरा हुआ देखा जा सकता है। इसी तरह जो छोटे बस स्टॉप बने हुये हैं उनकी भी देख रेख सही ढंग से नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों का कहना है कि टोल वाली इस बेहद महत्वपूर्ण हाईवे की सड़क के ऐसे हाल है, तो आगे की सड़क के हिस्से का अंदाजा लगाया जा सकता है। वही बरसात के मौसम में स्थिति और भी 'यादा खराब हो जाती है। फिलहाल इन टूटे पड़े डिवाइडरों के बीच चलना तकलीफ देय हो गया है। अगर इनकी मरम्मत नहीं की गई तो परेशानी और भी 'यादा बढ़ सकती है।

## पति ने गरम माढ़ उड़ेला, पत्नी झुलसी

**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत गांधीग्राम में मंगलवार सुबह शराबी पति ने गरम माढ़ पत्नी पर उडेल दिया। जिससे महिला बुरी तरह झुलस गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार दोपहर श्रीमति प्रीति भूमिया 28 वर्ष निवासी गांधीग्राम बुढ़ागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी लगभग 10-12 वर्ष पहले रामपुर थाना बहोरीबंद जिला कटनी निवासी मनोज भूमिया के साथ हुई थी, जिससे उसके तीन बच्चे हैं उसका पति मनोज भूमिया शराब पीने का आदि है। शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था वह पति से परेशान होकर लगभग 3-4 माह से अपने बच्चों को लेकर मायके बुढ़ागर गोसलपुर आ गई है। कल पति मनोज भूमिया शराब पीकर उसके साथ घर आकर बोला कि तुम्हे साथ में नहीं रहना है तो तलाक दे दो, उसने पति से कहा कि तुम शराब पिये हो सुबह बात करेंगे, मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे पति आकर उसके साथ गविवाद करने लगा । बाल पकड़कर मारपीट करने लगे एवं गंजी में रखा गरम माढ़ उसके उपर डाल दिया जिससे उसका कंधा, बखोरा जल गया।






पुनरीक्षण | अधिक रजिस्टर्ड वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान

# 1366 लोकेशनों में 15 .37 प्रतिशत बढ़ेगी जमीनों की कीमत




**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2026-27 के लिए जिले की अचल संपत्ति के बाजार मूल्य पुनरीक्षण पर बैठक आयोजित की गई। समिति ने जिले की 2705 लोकेशनों में से 1366 लोकेशनों के दाम बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। जिसके चलते औसतन 15.37 प्रतिशत की वृद्धि होना प्रस्तावित है। विशेष ध्यान उन क्षेत्रों पर दिया गया है जहां जमीनें गाइडलाइन कीमतों से अधिक पर रजिस्टर्ड हो रही हैं या जहां बड़े पैमाने पर विकास कार्य और नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं।

### रिंग रोड और बायपास में हो सकती है वृद्धि

बैठक में रिंग रोड, बायपास और नए उभरते रिहायशी इलाकों में मूल्य वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया है। समिति ने उप जिला मूल्यांकन समिति द्वारा तैयार गाइडलाइन प्रस्तावों की बारीकी से समीक्षा की और सदस्यों के सुझाव भी शामिल किए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सचिन जैन और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


**13 मार्च तक दर्ज कर सकते हैं आपत्ति**

जिला मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव अब जनता की आपत्तियों के लिए जिला एवं उप पंजीयक कार्यालयों में उपलब्ध हैं। आम लोग 13 मार्च दोपहर 1 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तावों का अवलोकन कर सकते हैं और अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद ही अंतिम प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति भोपाल को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

### संयुक्त कलेक्टर ज्योति परस्ते एसडीएम सिहोरा नियुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन किया है। आदेश में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं एसडीएम सिहोरा पदस्थ किया गया है। वहीं, सिहोरा अनुभाग के एसडीएम रहे संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहके को कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ कर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते के सभी दायित्व सौंपे गये हैं।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57